मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंकः 63, मुंबई, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## राज्य की 25 प्रतिशत सीटों पर
# चुनाव हुआ खत्म

## वदर्भ में महाविकास आघाड़ी के हौसले बुलंद



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण समाप्त हो गया है। इन दो चरणों में महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 13 सीटों पर मतदान हो चुका है। इनमें विदर्भ की 10 और मराठवाड़ा की 3 लोकसभा सीटों पर दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। पहले चरण में 5 और दूसरे चरण में 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव के बाद अब एमवीए और महायुति की तरफ से अलग अलग दावे किए जा रहे हैं। पहले चरण में कम मतदान से घबराई बीजेपी ने दूसरे चरण के मतदान से कुछ राहत जरूर महसूस की है। दूसरी तरफ एमवीए के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। विदर्भ की सीटों पर महाविकास आघाड़ी ने जहां चेहरों पर दांव लगाया वहीं महायुती ने ज्यादातर पुराने चेहरों पर भरोसा किया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### बीजेपी के लिए मुश्किल

राज्य में 45 पार का लक्ष्य लेकर चली महायुति के लिए चुनाव का पहला व दूसरा चरण राहत वाला नजर नहीं आ रहा है। दूसरे चरण में महाराष्ट्र की 8 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव में पश्चिम विदर्भ क्षेत्र की बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा और यवतमाल-वाशिम, हिंगोली और मराठवाड़ा में नांदेड़ और परभणी सीट से कुल 204 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। 19 अप्रैल को पहले चरण में पूर्वी विदर्भ की 5 सीटें नागपुर, रामटेक, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया और गढ़चिरौली-चिमूर में मतदान हुआ। राज्य की 25 प्रतिशत से ज्यादा सीटें पर चुनाव हो चुका है।

# वर्षा गायकवाड़ को भेजेंगे दिल्ली



## उद्धव ठाकरे ने लिया प्रण

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने प्रण लिया है कि वे उत्तर मध्य लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड को जीताने के बाद दिल्ली भेजेंगे। उत्तर मध्य मुंबई से टिकट मिलने के बाद मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा ने शुक्रवार को मातोश्री जाकर उद्धव से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक इस सीट से वर्षा को टिकट दिए जाने के लिए खुद उद्धव ने कांग्रेस हाईकमान से सिफारिश की थी। खास बात इस लोकसभा क्षेत्र में बांद्रा स्थित मातोश्री का भी इलाका आता है, जहां उद्धव का निवास है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**


### वर्षा के लिए करूंगा वोट

पूर्व सीएम ने कहा कि वर्षा गायकवाड जिस सीट से चुनाव लड़ रही हैं। वह मेरा गृह निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसे में मैं भी वर्षा के पक्ष में मतदान करूंगा। उत्तर मुंबई से अपनी पार्टी की तरफ से विनोद घोसालकर के चुनाव लडने के सम्बन्ध में उद्धव ने अपना पत्ता न खोलते हुए कहा कि इस निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार का जल्द ही पता चल जाएगा, यह पहली बार होगा जब उद्धव अपने परिवार के साथ कांग्रेस के लिए मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही वह पहली बार पंजे पर वोट दे रहे हैं, लेकिन उस पंजे में मशाल (उद्धव ठाकरे की पार्टी का चुनाव चिन्ह) है। साथ ही हाथ और मशाल एकजुट होकर तुरही (राकां शरद पवार गुट का चुनाव चिन्ह ) बजाने जा रहे हैं।

# रवि किशन को बड़ी राहत

## अदालत ने खारिज की शिनोवा की डीएनए परिक्षण की अर्जी





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की एक दीवानी अदालत ने गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन पर डीएनए परीक्षण कराने के अनुरोध को लेकर 25-वर्षीय एक महिला की अंतरिम अर्जी शुक्रवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता महिला ने अपना यह दावा साबित कराने के लिए डीएनए परीक्षण के आदेश देने का अनुरोध किया था कि अभिनेता से नेता बने रवि किशन उसके जैविक पिता हैं। शिनोवा नामक यह महिला ने यहां एक दीवानी अदालत में वाद दायर किया था और यह घोषित करने की अपील की थी कि वह रवि किशन की बेटी है तथा अपर्णा सोनी के साथ सांसद के संबंधों से उसका जन्म हुआ था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## महाराष्ट्र में मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारने से
# कांग्रेस नेता आरिफ नसीम खान नाराज

## चुनाव प्रचार से हटे

**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष आरिफ नसीम खान ने पार्टी या विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) द्वारा राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी मुस्लिम को उम्मीदवार नहीं बनाने पर शुक्रवार को निराशा व्यक्त की और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कहा कि वह चुनाव प्रचार से हट रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र में खान ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव के शेष चरण में पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार नहीं करेंगे और प्रदेश कांग्रेस प्रचार समिति से भी इस्तीफा दे रहे हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

*खान ने बातचीत में कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस समावेशिता की अपनी विचारधारा से भटक गई है*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### कांग्रेस के मुद्दों पर लड़ रही भाजपा!

**पहले** चरण के मतदान के बाद चुनाव को देखने और समझने का नजरिया बदल गया है। कम मतदान की अपने अपने अंदाज में व्याख्या हो रही है। विपक्षी पार्टियां इसे सरकार के प्रति मोहभंग मान रही हैं तो भाजपा का कहना है कि विपक्ष से लोगों को कोई उम्मीद नहीं है इसलिए सिर्फ सरकार का समर्थन करने वाले ही बूथ पर जा रहे हैं। कहने की जरुरत नहीं है कि दोनों धारणाएं अतिवादी हैं। सचाई दोनों के बीच कहीं है। लेकिन उससे भी दिलचस्प बात यह है कि भाजपा का पूरा चुनाव प्रचार ही बदल गया है। भाजपा अब तक जिन मुद्दों पर प्रचार कर रही थी वो सारे मुद्दे हाशिए में चले गए हैं। उनकी जगह नए मुद्दे आ गए हैं। ऐसा नहीं है कि ये नए मुद्दे आसमान से टपके हैं। ऐसा भी नहीं है कि अचानक कोई बड़ा घटनाक्रम हो गया और समूचा नैरेटिव बदल गया। ये नए मुद्दे आए हैं कांग्रेस के घोषणापत्र से या कांग्रेस नेताओं के बयानों से। सो, कह सकते हैं कि अब चुनाव कांग्रेस के घोषणापत्र पर या कांग्रेस के तय किए गए एजेंडे पर लड़ा जा रहा है। यह कई मायने में कांग्रेस की बड़ी उपलब्धि है कि उसके चुने गए मुद्दे पर चुनावी नैरेटिव सेट हो रहा है। ध्यान रहे पिछले 10 साल से राजनीति का समूचा विमर्श भाजपा और खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय कर रहे थे। वे मुद्दे तय करते थे, उसे जनता के बीच ले जाते थे और कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते थे। उनके साथ साथ देश की जनता भी कांग्रेस से सवाल पूछती थी। देश को कांग्रेस ने 60 साल के शासन में क्या दिया, यह आम जनता का सवाल हो गया था। राहुल गांधी को कैसे कमान दी जा सकती है, यह भी देश का सवाल बन गया था। भारत का विकसित होना और इसके गौरवशाली इतिहास की वापसी तभी मुमकिन है, जब मोदी हैं, यह भी देश का सबसे लोकप्रिय विमर्श था। लेकिन इस बार के चुनाव में यह विमर्श नहीं है और अगर है भी तो सार्वजनिक स्पेस में उसकी उपस्थित नगण्य है। इस बार के चुनाव में भाजपा की ओर से बरसों के परिश्रम से स्थापित किए गए मुद्दों की बजाय कांग्रेस की ओर से उठाए गए मुद्दों पर चर्चा हो रही है। संविधान बदलने का मुद्दा कांग्रेस जनता के बीच लेकर गई थी। आज इस बात को लेकर चर्चा हो रही है। भाजपा को जवाब देना पड़ रहा है। जान देकर संविधान बचाने की बातें हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि अगर बाबा साहेब अंबेडकर भी आ गए तो अब संविधान को नहीं खत्म कर सकेंगे। यह कहने की नौबत इसलिए आई है क्योंकि कांग्रेस ने आम लोगों के मन में संदेह का बीज बो दिया है। अनुसूचित जातियों को लग रहा है कि भाजपा बाबा साहेब के बनाए संविधान को समाप्त कर देगी। पिछड़ी जातियों को लग रहा है कि भाजपा संविधान बदल कर आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करेगी। मुसलमान और व्यापक रूप से देश की धर्मनिरपेक्ष जनता को लग रहा है कि संविधान की प्रस्तावना को बदल कर भाजपा उसमें से सेकुलर शब्द हटा देगी।

# महा-महावीरोत्सव का भव्य कार्यक्रम संपन्न!

## समस्त विश्व मे शांति व सद्भाव केवल 'अहिंसा' एवम 'जिओ और जीने दो' से ही सम्भव है : देवेंद्र ब्रह्मचारी!

## भगवान महावीर के सिद्धांत कल भी, आज भी और आने वाले कल भी प्रासंगिक रहेंगे : महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया जी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक पर महा महाविरोत्सव गुरुवार 25 अप्रैल को यशवंत राव चव्हाण ऑडिटोरियम में महा-महावीरोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भक्तिमय नृत्य,चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंचासीन अतिथियों के स्वागत और भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान सिने, साहित्य और समाज की गण मान्य हस्तियों सम्मान किया गया। कार्यक्रम में असम के महामहिम राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों की केवल चर्चा ही से नही वरन उसे अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है और उन्होंने ने समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के लिए श्री देवेन्द्र ब्रम्हचारी जी की भरपूर प्रसंशा करते धन्यवाद कहा। वहीं इस अवसर पर भारत गौरव श्रद्धेय देवेंद्र ब्राह्मचारी ने कहा कि भगवान महावीर किस जाति, धर्म, संप्रदाय के नहीं महावीर जन जन के हैं और उनकी प्रासंगिकता पहले से अधिक है अतः



उनके सिद्धान्तों को जन जन पहुँचना आवश्यक और यही मेरे जीवन का उद्देश्य है। इस महोत्सव में गुरुदेव आचार्य श्रीनयपद्मसागर सुरीश्वरजी., श्रद्धेय श्री ब्रह्मर्षि गुवार्नंदस्वामी जी तिरुपति, परम पूज्य प्रभाविका साध्वी श्री नमीवर्षा एवं नेहवर्षा और आचार्य लोकेश मुनि म.सा. ने शांति और अहिंसा के महत्व को रेखांकित किया। विधानसभा में बीजेपी के पूर्व सचेतक श्रीराज के पुरोहित समाजसेवी महेंद्र तुरखिया, समाजसेवी एवं उद्योगपति घेवरचंद बोहरा, भारत महामंडल के अध्यक्ष श्रीके सी जैन (सी ए), राकेश कोठारी सहित फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी श्रीमती अंकिता लोखंड-विक्की जैन एवम अन्य कलाकारों की सक्रिय उपस्थित रही, द ह्यूमन योगा फाउंडेशन वर्ली मुंबई के नेशनल प्रेसिडेंट योग ग्रैंडमास्टर श्री योग गुरु राधेश्याम जयसवार जी की उपस्थिति हुई कार्यक्रम में, बीजेपी जनरल सेक्रेटरी स्पिरिचुअल सेल महाराष्ट्र राज्य स्पेशल गेस्ट राकेश आचार्य जी, सेलिब्रिटी श्रद्धा जी सोनल सावंत जी सुनंदा नासिक से स्मिता योगा टीचर कृष्ण योगा टीचर कुलकर्णी योगा टीचर आचार्य चेतना जैन जी लीना जैन इन सभी का सम्मान श्री योग गुरु राधेश्याम द्वारा किया गया। और उत्तम जैन फिल्म इंडस्ट्री से बिलॉन्ग करते हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुम्बई महानगर के जैन और अन्य समाज की जानी मानी हस्तियां और लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री, द ह्यूमन योगा फाऊंडेशन वर्ली मुंबई के प्रेसिडेंट श्री योगा आचार्य माननीय योग गुरु राधेश्याम जयसवार जी जिनके डेढ़ सौ से भी ज्यादा चाहने वाले लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रशांत झावेरी, राकेश सेना नाहर उत्तम शाह, कुमार बोहरा, श्रीमती संगीत, संगीता कासलीवाल, कृपा शाह, सुमन कोठारी, एवम महिला मंडल को विशेष योगदान रहा, कार्यक्रम की सुंदर और प्रभावशाली संचालन श्री लवकेश जैन, नवी मुंबई द्वारा किया गया।

# मधुबनी जनता का आशिर्वाद एनडीए जनता दल युनाइटेड प्रत्यासी रामप्रीत मंडल के साथ



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** माननीय विधायक श्रीमती मीना कामत जी बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र के लदनियां प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्यासी श्री रामप्रीतमण्डल जी के पक्ष में जनसंपर्क करती हुई साथ में जदयू वरिष्ठ नेता श्री विरेन्द्र कामत जी, रामनारायण पण्डित जी, बिंदेश्वर पण्डित जी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष श्री कारी ठाकुर जी, हरिओम सिंह जी, चांद कामत जी, जयप्रकाश सिंह जी, ललन सिंह जी, दुःखी पासवान जी, रामवृक्ष सिंह जी, राधे प्रसाद सिंह जी, राजकुमार यादव जी, राजेश्वर सिंह जी, गीता देवी, छोटक सदाय जी, आदि एनडीए गठबंधन के सम्मानित नेता एवं कार्यकर्त्ता गण मौजूद थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# भाजपा : जलगांव से स्मिता वाघ व रावेर से रक्षा खडसे ने किया नामांकन

## नामांकन के बाद डिप्टी सीएम फडणवीस पहुंचे जलगांव

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगाँव।** जिले के रावेर व जलगांव लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रक्षा खडसे और स्मिता वाघ ने सुबह करीब 11: 00 बजे अपनी-अपनी लोकसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर जिले के तीनों दलों के नेता मौजूद थे। जानकारी के अनुसार दोपहर 2:30 बजे उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के पहुंचने के कारण वह नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उपस्थित नहीं हो सके। जलगांव जिले के रावेर लोकसभा क्षेत्र के लिए रक्षा खडसे और जलगांव लोकसभा के



लिए स्मिता वाघ ने सुबह कलेक्टर कार्यालय में मंत्री गिरीश महाजन, विधायक मंगेश चव्हाण, विधायक सुरेश भोले, विधायक संजय सावकरे, जिला अध्यक्ष अमोल जावड़े की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर जलकेकर महाराज, राष्ट्रवादी कांग्रेस अजित पवार ग्रुप के उम्मीदवार अनिल भाईदास, उमेश नेमाड़े समेत प्रमुख गणमान्य लोगों की उपस्थिति में नामांकन पत्र भरा गया। इस बार रोहित निकम ने जलगांव लोकसभा से पर्चा दाखिल किया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस दोपहर 2.30 बजे जलगांव पहुंचे। इसके बाद वह सभा स्थल पर शामिल हुए। इस मौके पर पालकमंत्री गुलाबराव पाटिल, गिरीश महाजन, अनिल भाईदास पाटिल, रावेर और जलगांव लोकसभा प्रत्याशी विजय रथ पर सवार थे। इस मौके पर पार्टी से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सोनी बीबीसी अर्थ ने मुंबई में समर मूवी फेस्टिवल से बच्चों को प्रेरित किया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सोनी बीबीसी, तथ्यात्मक मनोरंजन के लिये सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाले चैनलों में से एक है जोकि हमेशा से लोगों को सार्थक अनुभव देने के लिये जाना जाता है। अपने प्रस्ताव को आगे बढ़ाते हुए, चैनल ने नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम्स (एनसीएसएम) के साथ मिलकर विभिन्न शहरों में स्कूली विद्यार्थियों के लिये एक 'समर मूवी फेस्टिवल' का आयोजन किया। इसमें विज्ञान, वन्यजीवन, एडवेंचर और खोज तथा मैन्युफैक्चरिंग जोनर्स का मिलाजुला कंटेन्ट था। इस फेस्टिवल की शुरूआत बेंगलुरु में हुई और फिर मुंबई के नेहरू साइंस सेंटर पहुँचकर इसने अपना सफर जारी रखा। विद्यार्थियों को एक समृद्ध शैक्षणिक यात्रा पर ले जाते हुए, फिल्मों ने शहर के स्कूली बच्चों के लिये आश्चर्य और प्रेरणा का वातावरण बनाया। आयोजन मुंबई में हुआ था और तीन दिनों में इसने आरएन पोद्दार, पोद्दार इंटरनेशनल, गोपी बिरला मेमोरियल स्कूल, आईटीआई बोरीवली और बालमोहन विद्यामंदिर जैसे विभिन्न स्कूलों के 580 से ज्यादा विद्यार्थियों तक पहुँच बनाई। क्रमशः हर दिन दिखाये गये टाइटल्स थे 'इनसाइड




द फैक्ट्री', 'फ्रोजन प्लैनेट 2' और 'साउथ कोरिया विथ एलेक्जेंडर आर्मस्ट्रॉन्ग'। बच्चे विज्ञान, प्रकृति तथा संस्कृति को किस तरह से समझें और जानें, इसका तरीका बदलने के लिये कंटेन्ट को विशेष तरीके से तैयार किया गया था। 'इनसाइड द फैक्ट्री' ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा बढ़ाई, क्योंकि उन्हें जर्मनी की पेंसिल फैक्ट्री के विजुअल टूर पर ले जाया गया। विद्यार्थियों को कई बातें पता चलीं, जैसे कि पेंसिल कैसे बनाई जाती है और वह षटकोणीय या हेक्जागोनल क्यों होती है। 'फ्रोजन प्लैनेट 2' का वर्णन सर डेविड एटनबरो ने किया था। इसमें वह शिखर दिखाये गये, जो पृथ्वी पर बर्फीले आश्रय बनाते हैं और जहाँ जीवन फलता-फूलता है। इस इलाके में सबसे फिट प्राणी ही बचा रहता है, क्योंकि वहाँ जलवायु की स्थितियाँ कठोर हैं। खाने के लिये संघर्ष वहाँ होता है और हिमस्खलन तथा ज्वालामुखी जैसी झीलें वहाँ की स्थितियों में शामिल हैं। इधर 'साउथ कोरिया विथ एलेक्जैंडर आर्मस्ट्रॉन्ग' ने दक्षिण कोरिया के हलचल से भरे शहर सियोल का नजारा दिखाया। एलेक्जैंडर ने गंगनम का दौरा किया, जोकि एक काल्पनिक जिला है और लोकप्रिय 'गंगनम स्टाइल' वीडियो के लिये जाना जाता है। पूरे इवेंट के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एडवेंचर का आनंद लिया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### राज्य की 25 प्रतिशत सीटों पर चुनाव हुआ खत्म

बुलढाणा, यवतमाल-वाशिम और हिंगोली सीट पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला है। बुलढाना में शिंदे गुट के प्रतापराव जाधव के खिलाफ यूबीटी के नरेंद्र खेडेकर, हिंगोली में शिंदे गुट के बाबुराव कोहलिकर के सामने यूबीटी के नागेश आष्टिकर और यवतमाल-वाशिम में शिवसेना ने मौजूदा सांसद भावना गवली को हटाकर राजश्री पाटिल को मैदान में उतारा। पाटिल का मुकाबला ठाकरे की यूबीटी के संजय देशमुख से हुआ है। हिंगोली में राजश्री पाटिल के पति और मौजूदा सांसद हेमंत पाटिल की जगह शिवसेना ने बाबूराव कोहलिकर को टिकट दिया। परभणी में एनडीए समर्थित राष्ट्रीय समाज पक्ष के महादेव जानकर, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय जाधव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्धा सीट को छोड़कर बाकि सीटों पर बीजेपी का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवारों से है। वर्धा में कांग्रेस के पूर्व विधायक अमर काले एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के चुनाव चिन्ह पर लडे हैं। बीजेपी सांसद रामदास तड़स से उनका सीधा मुकाबला है।

### रवि किशन को बड़ी राहत

अंतरिम उपाय के तौर पर दायर किये गये इस वाद में शिनोवा के इस दावे को साबित करने के लिए डीएनए परीक्षण का भी अनुरोध किया गया था कि रवि किशन ही उसके पिता हैं। यह वाद वकील अशोक सरोगी और जय यादव के मार्फत दायर किया गया है। हालांकि अदालत ने शुक्रवार को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। उसने प्रतिवादियों को समन जारी किया एवं महिला के मुख्य वाद पर उनका जवाब मांगा। इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी। महिला ने अपने वाद में कहा कि पत्रकार के तौर पर सोनी फिल्म बिरादरी के कई लोगों के संपर्क में आयी, जिनमें रवि किशन भी शामिल थे। अर्जी के अनुसार, सोनी और किशन के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया और दोनों ने 1991 में शादी कर ली, लेकिन किन्हीं निजी कारणों से वे लंबे समय तक साथ नहीं रह पाये। शिनोवा ने अपनी अर्जी में कहा है कि उसका जन्म 19 अक्टूबर, 1998 को हुआ था और तबतक यह स्पष्ट हो चुका था कि किशन पहले से शादीशुदा हैं। अर्जी के मुताबिक, इन बातों को ध्यान में रखते हुए, ऐसा जान पड़ता है कि किशन और सोनी ने आपस में तय किया कि उनकी बच्ची अभिनेता को अंकल कहेगी। अर्जी के मुताबिक, दोनों ने याचिकाकर्ता की जरूरी देखभाल की।

### वर्षा गायकवाड़ को भेजेंगे दिल्ली

इस सीट से महायुति की तरफ से बीजेपी ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। वर्तमान में बीजेपी की तरफ से पूनम महाजन मौजूदा सांसद हैं। उद्धव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश में तानाशाही रोकने और संविधान बचाने की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी और राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन मिल कर एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं जीतेंगे। उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा से उम्मीदवार व कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा क्षेत्र मेरे लिए नया नहीं है, मैं यहां कुछ महीनों से रह रही हूं। उन्होंने दावा किया कि मुंबई की सभी 6 लोकसभा सीटों पर आघाडी के उम्मीदवारों की जीत होगी और साल 2004 की तरह हम उत्तर मध्य सीट पर फिर से जीत हासिल करेंगे।

### महाराष्ट्र में मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारने से कांग्रेस नेता नसीम नाराज

राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश (80 सीट) के बाद सबसे ज्यादा 48 लोकसभा सीट वाले महाराष्ट्र में एमवीए ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि पूरे महाराष्ट्र के कई मुस्लिम संगठन, नेता और पार्टी कार्यकर्ता उम्मीद कर रहे थे कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय से कम से कम एक उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारेगी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। खान (60) ने सवाल किया, कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए, उम्मीदवार क्यों नहीं? खान ने पत्र में कहा, मैं कांग्रेस पार्टी के इस अनुचित निर्णय से निराश हूं। इससे पहले, जब भी पार्टी ने मुझे गुजरात, गोवा, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में चुनाव संबंधी जिम्मेदारी दी, मैंने निष्ठापूर्वक अपना दायित्व निभाया। उन्होंने कहा, मेरे पास महाराष्ट्र में मुसलमानों और उनके संगठनों द्वारा ऐसे मुद्दे उठाने (समुदाय से उम्मीदवार नहीं उतारने) का कोई जवाब नहीं है।

# संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन, सेक्टर बोईसर का रक्तदान शिविर सम्पन्न

**बोईसर।** पालघर जिला के बोईसर (भीमनगर) में स्थित चिराग विद्यालय में सद्गुरु बाबा गुरुबचनजी महाराज की स्मृति मे 24 अप्रैल 2024 को सन्त निरंकारी मिशन के अन्तर्गत संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, बोईसर सेक्टर,बोईसर,नगावे पाड़ा, धनानी नगर,पालघर व डहाणू की ओर से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर का उद्घाटन चिराग विद्यालय के ट्रस्टी नरेश पाटिल एवं सरावली ग्राम पंचायत की सदस्या संगीता पाटिल के द्वारा किया गया। इस शिविर मे बोईसर और आस पास के क्षेत्र से कुल 500 अनुयायियों ने भाग लिया



और केईएम अस्पताल, मुंबई ब्लड बैंक ने 327 यूनिट रक्त एकत्र किया। इस शिविर मे सरावली ग्राम पंचायत के सरपंच आनंद धोड़ी, ग्राम पंचायत के पूर्व सदस्य सचिन पाटिल, शिवशक्ति सामाजिक संगठन के अध्यक्ष संजय पाटिल,जि.प.सदस्य महेंद्र भोणे, पंचायत समिति सदस्य अजय दिवे व श्रीमती ममता कन्खरे, ग्रा.पं .सदस्य रंजीत खरात, बोईसर-पालघर पत्रकार संघ (रजि.) के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला,कोषाध्यक्ष मंगेश नगरकर, बोईसर के पूर्व उपसरपंच चंद्रकांत जाधव,सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कन्खरे आदि गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हीरालाल पठाडे (सेक्टर संयोजक, बोईसर) एवं संत निरंकारी सेवादल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### इटली की पीएम मेलोनी ने पीएम मोदी को किया आमंत्रित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से जून में वहां होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण मिला है। पीएम मोदी ने 25 अप्रैल को इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी से टेलीफोन पर बातचीत की और जून में पुगलिया में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन के वास्ते निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने ने मुक्ति दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री मेलोनी और इटली के लोगों को शुभकामनाएं दीं। ग्लोबल साउथ का समर्थन करने पर चर्चा की।

### भारतीय कंपनियों पर अमेरिका ने लगाया बैन



**नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान के साथ कारोबार करने वाली एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया है। अमेरिका द्वारा जिन कंपनियों पर बैन लगाया है उसमें तीन कंपनियां भारतीय हैं। कंपनियों पर आरोप है कि रूस-युक्रेन युद्ध में इन कंपनियों ने रूस की मदद के लिए ईरान की सहायता से ड्रोन भेजे थे। इन कंपनियों ने ईरान के साथ मिलकर रूस के लिए डील में मदद की थी। ईरान द्वारा हुए इस डील में सहारा थंडर मुख्य कंपनी थी। इसी कंपनी ने ईरान के ड्रोन्स को अन्य देशों के साथ व्यापार करने में मदद की थी। सहारा थंडर को सहायता पहुंचाने के आरोप में तीन भारतीय कंपनियों पर बैन लगाया गया है। जिसमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्रा.लि. और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड हैं।

### नीदरलैंड विश्व ऊर्जा सम्मेलन में बोले इरेडा के सीएमडी प्रदीप कुमार दास

# भारत 2070 तक 'नेट जीरो उत्सर्जन' हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा आगे

*इरेडा के सीएमडी ने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा के बारे में जानकारी साझा की और देश के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के कार्य को आगे बढ़ाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नीदरलैंड में चल रहे विश्व ऊर्जा सम्मेलन में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास में कहा कि भारत का वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म-ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। उन्होंने वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उन्होंने इंगित किया कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है।

- *2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म-ईंधन ऊर्जा का लक्ष्य*
- *नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में विश्व स्तर पर भारत चौथे स्थान पर*
- *ऊर्जा परिवर्तन के कार्य में तेजी लाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका*
- *विश्व ऊर्जा कांग्रेस पैनल ने मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट पर भी चर्चा*



#### सुरक्षा और जलवायु अनुकूलन पर चर्चा

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने नीदरलैंड में विश्व ऊर्जा कांग्रेस के 26वें संस्करण में 'नई परस्पर निर्भरता: विश्वास, सुरक्षा और जलवायु अनुकूलन' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लिया। उसने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के कार्य को आगे बढ़ाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

#### बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर

ऊर्जा संकट पर भी चर्चा की गई। सीएमडी ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विविधीकरण और मजबूत बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मजबूत बिजली नेटवर्क के माध्यम से क्षेत्रीय बाजारों को एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बांड बाजार को मजबूत बनाने की भी वकालत की।

#### एनबीएफसी के रूप में कार्य करती है इरेडा

देश की सबसे बड़ी विशुद्ध हरित वित्त पोषण करने वाली एनबीएफसी के रूप में इरेडा ऊर्जा परिवर्तन के कार्य में तेजी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सीएमडी ने जोखिमों को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नवीन वित्तीय साधनों के माध्यम से ऊर्जा परिवर्तन परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करने में इरेडा के प्रयासों पर जोर दिया।

### दस्तक दे रहा अस्तित्व पर संकट

## जापान की आबादी में होंगे आधे बुजुर्ग, तेजी से घट रही जन्मदर



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जापान की आबादी 2008 में 128 मिलियन यानी 12.8 करोड़ थी। जो 2022 में घटकर 125 मिलियन यानी 12.5 करोड़ ही रह गई। अनुमान है यदि आबादी घटने की यही रफ्तार रही तो 2100 तक जनसंख्या 63 मिलियन ही रह जाएगी।

#### अब एक और अनुमान

अब एक और डराने वाला अनुमान यह है कि जापान की कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2100 तक 41.2 पर्सेंट हो जाएगी। इसका अर्थ है कि करीब आधे लोग जापान में बुजुर्ग ही होंगे। जापान में 2022 के आंकड़ों के अनुसार 15 से 64 साल यानी कामकाजी आबादी की 59 पर्सेंट ही रह गई, जो 20 साल पहले 68 पर्सेंट थी। 2100 तक यह आंकड़ा तेजी से कम होते हुए 51.2 तक ही ठहर जाएगा। जापान की इस घटती आबादी के कई कारण हैं। पहला यह कि बच्चों को पैदा करने और उनकी परवरिश में लोग बड़ा खर्च कर रहे हैं।

### अमेरिकी प्रतिबंधों की ढूंढी काट

## आईएनएटीसी कॉरिडोर को भारत रूस और ईरान करेगा विकसित

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाना एक बड़ा हथियार बन चुका है। यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही अमेरिका और कई विकसित देशों ने रूस पर आर्थिक समेत कई किस्म के प्रतिबंध लगाए थे। ईरान-इजराइल के बीच तनानती के बीच भी अमेरिका ने ईरान पर बैन लगाए। ईरान से दोस्ती करने और व्यापार समझौते करने पर पाक को इसी तरह की पाबंदी की धमकी दी गई। ईरान से डील करने पर भारत की तीन कंपनियों समेत




एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों पर भी अमेरिका ने पाबंदी लगी दी है। कंपनियों पर आरोप है कि यूक्रेन युद्ध में ईरान की तरफ से रूस को ड्रोन भेजे गए थे, जिसकी डील में ये शामिल रहे हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने मान्यताओं के खिलाफ जाने वाले देशों को इस तरह से प्रतिबंधित कर दंडित किया है।

### संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की रिपोर्ट जारी

# सोशल मीडिया से लैंगिक रूढ़ियों व दकियानूसी सोच को मिल रहा बढ़ावा

मुंबई हलचल / मुंबई

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन ने रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें डिजिटल टैक्नॉलॉजी से पढ़ाई-लिखाई और सीखने-सिखाने में मदद तो मिली है, मगर सोशल मीडिया से लैंगिक रूढ़ियों व दकियानूसी सोच को भी बढ़ावा मिल रहा है और लड़कियों के मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण पर नकारात्मक असर हो रहा है। 'प्रौद्योगिकी अपनी शर्तों पर' नाम की यह रिपोर्ट यूनेस्को ने 25 अप्रैल को प्रकाशित की।



#### बचाव के उपायों पर जोर

शिक्षा में अधिक स्तर पर निवेश किए जाने की अहमियत को रेखांकित किया गया है। खासतौर पर मीडिया व सूचना साक्षरता के विषय में साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, यूनेस्को के दिशानिर्देशों के अनुरूप स्मार्ट ढंग से नियामन किया जाना होगा।

#### लड़कियों में बढ़ सकता मानसिक तनाव

सोशल मीडिया पर मल्टीमीडिया सामग्री के उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन इससे लड़कियों के यौन सामग्री से लेकर ऐसे वीडियो की जद में आने का ख़तरा है, जिनमें अनुचित बर्ताव या शारीरिक सुन्दरता के अवास्तविक मानकों का महिमांडन किया गया हो। इससे लड़कियों के लिए मानसिक तनाव बढ़ सकता है, उनके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है।

**फ़ेसबुक की रिसर्च का उल्लेख**

रिपोर्ट में फ़ेसबुक की रिसर्च का उल्लेख किया है। 32 फ़ीसदी किशोर लड़कियों ने बताया कि उन्हें अपने शरीर के बारे में बुरा महसूस होता है और इस वजह से इंस्टाग्राम नामक चैनल पर तो स्थिति और भी दयनीय है। वहीं, टिकटोक नामक चैनल पर संक्षिप्त अवधि के वीडियो शेयर किए जाते हैं।

#### लड़कियों के लिए नकारात्मक छवि

सोशल मीडिया पर जिस तरह लड़कियों के लिए नकारात्मक दकियानूसी छवियों को गढ़ा जाता है, वो उन्हें विज्ञान, टैक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग व गणित विषयों में पढ़ाई से दूर ले जा सकती है। तस्वीर-आधारित यौन सामग्री, एआई से तैयार झूठी तस्वीरों व वीडियो (डीपफ़ेक) के ऑनलाइन व कक्षाओं में शेयर किए जाने से हालात और जटिल हो रहे हैं।

# पीएम मोदी घबराए हुए : राहुल गांधी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बेंगलुरू।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों घबराए हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अगले कुछ दिनों में शायद स्टेज पर ही उनके आंसू निकल आएं। राहुल गांधी का इशारा पहले चरण के मतदान के बाद से प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे भाषणों की ओर था। राहुल ने कर्नाटक के बीजापुर में कांग्रेस की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर जोरदार हमला किया और कहा कि उन्होंने पिछले 10 साल में सिर्फ आम आदमी का पैसा लूटा है। राहुल ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में एक फीसदी ऐसे लोग हैं, जो 40 फीसदी धन कंट्रोल करते हैं। उन्होंने आगे कहा- मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे। कांग्रेस सांसद ने अपनी बात दोहराते हुए कहा- यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है।

# तीनों सेनाओं को मिले 112 मेडिकल ग्रेजुएट, सशस्त्र बलों में दिया गया कमीशन

मुंबई हलचल / पुणे

सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड गुरुवार को पुणे में आयोजित हुई। जिसमें पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को 25 अप्रैल को एक शानदार समारोह में सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने वालों में वरिष्ठ सेवारत अधिकारी, अनुभवी, संकाय अधिकारी, चिकित्सा और नर्सिंग कैडेट, कमीशन प्राप्त कैडेटों के माता-पिता और परिवार शामिल थे। एएफएमसी में शानदार पासिंग आउट परेड समारोह लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोटवाल, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, निदेशक और कमांडेंट और मेजर जनरल गिरिराज सिंह, डीन और डिप्टी कमांडेंट, एएफएमसी के संरक्षण में आयोजित किया गया।

*पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में गुरुवार को समारोह में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया।*

- डीजीएएफएमएस ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की
- मित्र देशों के 5 कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए
- परेड की कमान मेडिकल कैडेट सुशील कुमार सिंह ने संभाली
- 112 कैडेटों में से 27 जेंटलमैन कैडेट हैं और 25 महिला कैडेट भी

#### सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड का आयोजन



#### पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करें: महानिदेशक

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक ने कहा कि अधिकारियों को पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैडेटों की अनुकरणीय शैक्षणिक उपलब्धियों के अनुरूप कमीशनिंग समारोह के बाद शैक्षणिक पुरस्कार प्रस्तुति समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और 'कलिंग ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान किया गया।

#### जनरल दलजीत सिंह ने की परेड की समीक्षा

रक्षा मंत्रालय मुताबिक पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में गुरुवार को समारोह में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) के महानिदेशक और सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह थे। डीजीएएफएमएस ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की। परेड की कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह ने संभाली।

#### 58वें बैच के कैडेटों ने किया प्रदर्शन

एएफएमसी के 58वें बैच के कैडेटों ने एमयूएचएस शीतकालीन 2023 परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया और मित्र देशों के 5 कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त 112 कैडेटों में से 27 जेंटलमैन कैडेट हैं और 25 महिला कैडेट हैं। बता दें कि इनमें से 88 को सेना, 10 को नौसेना और 14 को वायु सेना में नियुक्त किया गया है।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जंगलों में आग लगाने वालों पर बड़ी कार्रवाई

## तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मुंबई हलचल / संवाददात**

**रुद्रप्रयाग।** वनों में आग लगाने वालों की खैर नहीं। शुक्रवार को तीन लोगों को जंगल में आग लगाने पर मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु के नेतृत्व में गठित वनाग्नि सुरक्षा दल ने नरेश भट्ट को जंगल में आग लगाते हुए तड़ियाल गांव तहसील-जखोली से मौके पर पकड़ा है। आरोपित का कहना है कि बकरियों के लिए नई घास उग सके, इसलिए उसने जंगल में आग लगाई। मौके पर वन क्षेत्राधिकारी (दक्षिणी जखोली) की ओर से आरोपित को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। वहीं, उत्तरी जखोली के डंगवाल गांव में हेमन्त सिंह एवं भगवती लाल को जंगल में आग लगाते हुए मौके पर पकड़कर जेल भेजा गया। प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने बताया कि जंगल में आग लगाने वालों के विरुद्ध वन अधिनियम के अंतर्गत अपराध दर्ज किया जाएगा। अपराधियों को पकड़ने के लिए प्रभाग स्तर पर वनाग्नि सुरक्षा दल गठित किया गया है। अभी तक इस वर्ष कुल 19 मुकदमें दर्ज किए गए हैं, जिसमें से तीन मुकदमें नामजद हैं तथा 16 मुकदमों में जांच जारी है। वनाग्नि क्रू-स्टेशन एवं मोबाइल क्रू-स्टेशन की ओर से वनाग्नि नियंत्रण किया जा रहा है। साथ ही उड़नदस्ता दल की ओर से समस्त रेंजों में सैटेलाइट, कैमरों एवं दूरबीन के माध्यम से अपराधियों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। वनाग्नि रोकथाम के लिए वन विभाग के प्रयासों के साथ-साथ जन सहभागिता एवं जनभागीदारिता आवश्यक है। वनाग्नि सुरक्षा दल में उप प्रभागीय वनाधिकारी देवेन्द्र सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी, उप प्रभागीय वनाधिकारी मोहन सिंह, उप वन क्षेत्राधिकारी दक्षिणी जखोली केसी नैनवाल, वन आरक्षी सुरजन सिंह नेगी तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## वैश्विक बाजारों में मिला-जुला रुख रहा

# पांच सत्रों से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 609 अंक फिसला, फिर भी निवेशकों ने 17,000 करोड़ कमाया

मुंबई हलचल / मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 609 अंक फिसल गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के निवेशकों की संपत्ति आज दिन भर में करीब 17,000 करोड़ रुपए बढ़ गई।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया।

### निफ्टी में 273 अंक की रही बढ़त

कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। निफ्टी भी 150.40 अंक गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों में पिछले पांच सत्रों से जारी तेजी थम गई। बीते पांच दिनों में मानक सूचकांकों में करीब 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 641.83 अंक बढ़ोतरी और निफ्टी में कुल 272.95 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



- बैंक, वित्तीय व एफएमसीजी के कंपनियों में रही बिकवाली
- विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा हुई प्रभावित

### जापानी येन 34 साल के निचले स्तर पर

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'लगातार पांच दिनों से तेजी का दौर चल रहा था लिहाजा बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी हुई थी। इसके पीछे वैश्विक कारकों का भी योगदान रहा। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से रुझान में बदलाव दिखा।'

### *एशियाई बाजार में रही तेजी*

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी।*

### अमेरिकी बाजार में सताने लगी मंदी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार धारणा को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई।'

### क्रूड ऑयल बढ़कर 89.29 डॉलर



वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। इसके अलावा बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।

### इन शेयरों में रही तेजी

आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग दर्ज की गई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। इसके अलावा विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे।

# सेहत के लिए फायदेमंद है गुनगुना पानी

पानी पीना सेहत के लिए बहुत जरूरी है। डॉक्टरों के अनुसार हर किसी को दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। इससे शरीर के विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं लेकिन अगर ठंड़े पानी की बजाए गुनगुना पानी पिया जाए तो यह सेहत के लिए रामबाण है। आइए जाने रोजाना गुनगुना पानी पीने के फायदों के बारे में...

1. गुनगुना पानी पीने से ब्लड सकुर्लेशन तेज हो जाता है। वैसे तो हर मौसम में गुनगुना पानी पीना चाहिए लेकिन सर्दियों में तो जरूर गुनगुना पानी ही पिएं।
2. रोजाना सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से कब्ज की परेशानी दूर हो जाती है।
3. भूख न लगने से परेशान हैं तो एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस,काली मिर्च और नमक डालकर पीएं। इससे भूख लगनी शुरू हो जाएगी।
4. सारा दिन थकावट महसूस हो रही हो तो सुबह उठने के बाद खाली पेट गुनगुने पानी का सेवन करें।
5. स्किन से जुड़ी कोई परेशानी है या त्वचा पर किसी तरह के रैशेज पड़ रहे हैं तो गुनगुना पानी पीने से राहत मिलती है।
6. त्वचा रूखी और बेजान है तो 10-12 गिलास पानी जरूर पिएं। इससे त्वचा पर ग्लो आ जाएगा।





# कॉस्मेटिक सर्जरी से पहले जानें ये साइड इफेक्ट

**कॉस्मेटिक सर्जरी के दौरान और बाद में कई बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे इसे किसी अनुभवी सर्जन से कराएं, ऑपरेशन थिएटर आधुनिक टूल्स से लैस हो, संक्रमण से बचाव आदि। जानें अलग-अलग सर्जरी से होने वाली दिक्कतें ताकि ट्रीटमेंट के बाद इनका खयाल रखा जा सके-**

**हेयर रेस्टोरेशन (गंजापन)** गंजापन दूर करने के लिए तीन तरह की सर्जरी करते हैं। पहली, सिर में खाली जगह पर 3-4 मिमी बालों सहित स्किन निकालकर ट्रांसप्लांट करते हैं। दूसरी, सिर के दोनों ओर से बाल व त्वचा रक्तवाहिनी सहित सिर के आगे लाते है। तीसरी, सिलिकॉन बलून को बालों के नीचे लगाकर त्वचा डबल करते हैं।
**साइड इफेक्ट :** सर्जरी के बाद संक्रमण, निशान या अधिक ब्लीडिंग भी हो सकती है।
**राइनोप्लास्टी :** मोटी नाक को पतला करने, टेड़ी नाक को सही आकार देने, दबी हुई नाक को शार्प करने के लिए राइनोप्लास्टी की जाती है।
**साइड इफेक्ट :** नाक की त्वचा पर लाल चकत्ते, सूजन व ब्लीडिंग हो सकती है। सर्जरी के बाद छह माह तक धूप से बचें।
**आईब्रो लिफ्ट:** यह सर्जरी दो तरह से होती है- बोटॉक्स व थ्रेड लिफ्ट। इसमें एजिंग के कारण झुकी हुई आईब्रोज और माथे की लटकी त्वचा को ठीक किया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, निशान दिखने व संवेदनशीलता खत्म होने जैसी दिक्कतें होती हैं।
**ब्लेफरोप्लास्टी:** इस सर्जरी में झुकी हुई पलकों व पफी आंखों को ठीक किया जाता है। इस दौरान अपर और लोअर आईलिड से अतिरिक्त फैट को निकालकर आंखों को सही लुक देते हैं।
**साइड इफेक्ट :** कुछ मामलों में लोअर आईलिड नीचे की ओर खिंच जाती है। जिसके लिए दोबारा सर्जरी करनी पड़ सकती है।
**गाइनेकोमैस्टिया:** कुछ आदमियों का सीना उभार लिए होता है। इस कारण वे हीनभावना के शिकार हो जाते हैं। ऐसे पुरुष इसे कम कराने के लिए गाइनेकोमैस्टिया कराते हैं।
**साइड इफेक्ट :** ब्लीडिंग, सूजन, निशान या स्किन पर लाल रंग के चकत्ते हो सकते हैं। स्किन का रंग बदलने के अलावा सीने की सेंसिविटी भी खत्म हो सकती है।
**आर्म लिफ्ट:** बेडौल हो चुके हाथों के ऊपरी भागों को सही आकार देने के लिए आर्म लिफ्ट सर्जरी कराई जाती है। इसमें हाथों के ऊपरी हिस्से में जमा फैट व लटकी हुई स्किन को हटाया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** निशान इस सर्जरी का सबसे बड़ा साइड इफेक्ट है। कोहनी से लेकर अंडरआर्म तक की इस सर्जरी में दाग हमेशा के लिए रह सकते हैं।
**फेस लिफ्ट:** इस सर्जरी से चेहरे की झुर्रियां और लटकी हुई स्किन को हटाकर चेहरे व गर्दन की मसल्स को मजबूती दी जाती है व एक्स्ट्रा स्किन को निकाल दिया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, त्वचा का रंग बदलना, चेहरे की धमनियों में क्षति, संवेदनशीलता खत्म होने के साथ त्वचा पर लाल रंग के चकत्ते पड़ सकते हैं।
**ऑटोप्लास्टी:** ऑटोप्लास्टी में बड़े या बाहर निकले हुए कान को चेहरे के अनुरूप सही किया जाता है। कुछ लोग छिदे हुए कान के होल को छोटा करने के लिए भी यह सर्जरी करवाते हैं।
**साइड इफेक्ट :** संक्रमण, सूजन, ब्लीडिंग व निशान पडे का डर बना रहता है। कुछ मामलों में कान नेचुरल न दिखने पर दोबारा सर्जरी करानी पड़ सकती है।
**चिन-चीक्स ऑग्युमेंटेशन:** इस सर्जरी में छोटी ठुड्डी के ऊपर सिलिकॉन इंप्लांट करके इसको आकार देते हैं। कभी-कभी चिन की हड्डी को फेस के शेप के अनुसार घटाया-बढ़ाया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** दर्द, सूजन व ब्लीडिंग के अलावा इम्प्लांट जगह से खिसक सकता है।
**एब्डोमिनल प्लास्टी:** प्रेग्नेंसी या वेट लॉस से कई बार पेट पर अधिक फैट जमा हो जाता है। जिसे निकालने के साथ मसल्स को भी टाइट कर बॉडी को सही आकार दिया जाता है।
**साइड इफेक्ट :** स्किन पर ब्लड क्लॉट व संक्रमण का डर रहता है।
**ब्रेस्ट ऑग्युमेंटेशन:** जन्म से अविकसित ब्रेस्ट, दोनों के साइज में अंतर होने व प्रेग्नेंसी के बाद लटके ब्रेस्ट को सही आकार देने के लिए यह सर्जरी की जाती है। इससे ब्रेस्ट में सिलिकॉन इम्प्लांट्स कर आकार बढ़ाया जाता है।
**साइड इफेक्ट:** अच्छी क्वालिटी के इम्प्लांट इस्तेमाल न किए जाने पर संक्रमण की स्थिति में इसे निकालना पड़ सकता है। निशान गहरा होने से ब्रेस्ट के हार्ड या टाइट होने जैसी समस्या हो सकती है।

# लड़कों की यह परेशानियां लड़कियों को नहीं आती पसंद!

*हर लड़का पूरी कोशिश करता है कि उसे अपनी गर्लफ्रेंड के सामने शर्मिंदा न होना पड़े लेकिन कई बार मर्दों में कुछ ऐसी समस्याएं होती हैं जो उन्हें अपने पार्टनर के सामने शर्मिंदा कर देती हैं। आज हम आपको ऐसी ही समस्याओं के बारे में बताने जा रहे है जिसके कारण आपको अपने पार्टनर के सामने शर्मिंदा होना पड़ सकता है।*



**गंजापन:** कई बार समय से पहले ही बाल झड़ना शुरू हो जाते हैं। इसका कारण शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी भी हो सकता है। ऐसे में अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखें।
**खुजली:** त्वचा रूखी होने के कारण उसमें खुजली होने लगती हैं। अगर आप पार्टनर को सामने बार-बार खुजली करेंगे तो उनको बिल्कुल अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।
**पसीना:** पसीने के बदबू के कारण भी आपको अपनी पार्टनर के सामने शर्मिंदा होना पड़ सकता हैं। ऐसे में नहाने से पहले पानी में थोड़ा नमक डाल लें। इससे पसीने की बदबू नहीं आएगी।
**अधिक बाल होना:** शरीर पर अनचाहे बाल भी आपको ऐसी स्थिति में डाल सकते हैं। ऐसे में समय-समय पर रेजर का इस्तेमाल करें।

# कहीं आपका बच्चा तो नहीं देखता ज्यादा टीवी



मोटापे की समस्या आजकल बड़ों से लेकर बच्चों तक देखने को मिलती हैं। आज कल आम देखने को मिलता है कि बच्चे फैटी तो होते हैं लेकिन उनकी हाइट नहीं होती। मोटापे के पीछे कई कारण होते हैं। बच्चों की गलत आदतें भी मोटापे का कारण हो सकती है। अधिक टीवी देखने से भी मोटापे का खतरा बढ़ता है। हाल में हुए शोध में पाया गया है कि टीवी को ज्यादा समय देने वाले और खाने-पीने से जुड़े विज्ञापन देखने वाले बच्चों में मोटापे का खतरा अधिक होता है। वहीं कम टीवी देखने वाले बच्चों में मोटापे कम पाया जाता है। टीवी पर विज्ञापन देखने के बाद बच्चे वहीं खादे की जिद करते हैं, जिसके कारण बच्चे फास्ट फूड और पैकेट बंद फूड्स का सेवन करते है।
आजकल के बच्चे पैकेट बंद स्नैक्स पर निर्भर करते हैं, जिसके कारण उनका वजन बढ़ता है। पैकेट बंद स्नैक्स में सोडियम की मात्रा अधिक पाई जाती है जिसके खाने के बाद भूख कम हो जाती है। बच्चे स्नैक्स खाने के बाद भोजन नहीं करते, जिससे उनके शरीर को पौष्टिक तत्व नहीं मिल पाते।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# कुत्ते से तुलना करने पर छलका आयुष शर्मा का दर्द

**एक्टर** आयुष शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म रुसलान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। रिलीज से पहले फिल्म का प्रमोशन करने के लिए वो पूरी मेहनत कर रहे हैं। इस बीच एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया कि सलमान की फिल्म से बॉलीवुड में एंट्री करने पर मुझे किस कदर ट्रोल किया गया था। आयुष शर्मा की शादी सलमान खान की छोटी बहन अर्पिता खान से हुई है। आयुष ने साल 2018 में लवयात्री से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। ये फिल्म सलमान खान द्वारा प्रोड्यूस की गई थी। इसके बाद आयुष की अगली फिल्म भी सलमान खान फिल्म्स प्रोडक्शन की अंतिमः द फाइनल ट्रुथ थी। हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी, जिसके बाद उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। आयुष शर्मा ने एक इंटरव्यू में बताया कि डेब्यू फिल्म की रिलीज के बाद लोगों ने उनकी तुलना कुत्ते से कर दी थी। इस बात ने एक्टर को रोने पर मजबूर कर दिया था। उन्हें लेकर कहा गया कि आयुष शर्मा से अच्छा तो सलमान खान एक कुत्ते को लॉन्च कर देते। सलमान खान ने अपना पैसा बर्बाद कर दिया है। आयुष ने आगे बताया कि उस दिन मेरे मन में एक विचार आया कि जब मेरा बेटा बड़ा होगा और इंटरनेट पर जाकर अपने पिता के बारे में पढ़ेगा कि किसी ने लिखा था कि उसका पिता एक कुत्ता है। तब उसे कैसा लगेगा। मैं बस इतना चाहता हूं कि जब मेरा बेटा और बेटी बड़े हो जाएं, तो उन्हें अच्छी चीजें पढ़नी चाहिए उनके पिता के बारे में। उन्हें मुझ पर गर्व होना चाहिए। आयुष ने कहा कि नफरत भरी टिप्पणी ने उन्हें खुद पर और ज्यादा मेहनत करने के लिए इंस्पायर किया। आज, मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं, आपने मुझे यह इंसान बनने के लिए प्रेरित किया।

# महाराष्ट्र साइबर सेल ने तमन्ना भाटिया को भेजा समन

**महाराष्ट्र साइबर सेल** ने अवैध आईपीएल मैच स्ट्रीमिंग मामले में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को समन भेजा है। यह मामला आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग का है। वायकॉम कंपनी ने अपनी शिकायत में फेयर प्ले पर आरोप लगाया है कि टाटा आईपीएल 2023 की अवैध स्क्रीनिंग से उनका 100 करोड़ का नुकसान हुआ है। महाराष्ट्र साइबर ने इस मामले में पूछताछ के लिए तमन्ना को 29 अप्रैल को उपस्थित होने के लिए कहा है। साइबर सेल के मुताबिक इस मामले में तमन्ना भाटिया का बयान रिकॉर्ड किया जाएगा। एक्ट्रेस से पूछा जाएगा कि उन्हें फेयर प्ले के लिए किसने संपर्क किया था और इसके लिए उन्हें कितने पैसे मिले। दो दिन पहले 23 अप्रैल को इस मामले में एक्टर संजय दत्त को समन भेजा गया था। तब संजय ने कहा कि वो इस वक्त मुंबई में नहीं हैं और दी गई तारीख पर पेश नहीं हो सकते हैं। उन्होंने अपना बयान दर्ज करने के लिए तारीख और समय मांगा है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने इस मामले में बादशाह, संजय दत्त और जैकलीन फर्नांडीज के मैनेजरों के बयान दर्ज किए थे। वहीं दिसंबर 2023 में सट्टेबाजी ऐप के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया था। साइबर पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान पता चला कि फेयर प्ले ने कलाकारों को पैसे देने के लिए अलग अलग विदेशी कंपनी के अकाउंट का इस्तेमाल किया गया था।





# चंदू चैंपियन में दिखेगा कार्तिक आर्यन अलग अंदाज

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन इस समय बैक टू बैक हिट फिल्में दे रहे हैं। कार्तिक आर्यन अपकमिंग फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वह अपने किरदार को परफेक्ट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कार्तिक अपने किरदार में पूरी तरह से ढल जाए, इसके लिए ओलंपिक स्विमिंग चैंपियन वीरधवल खाड़े ने उन्हें ट्रेन किया है। इसके अलावा उन्होंने अपनी मराठी भाषा और बोली पर भी काफी काम किया है। चंदू चैंपियन कार्तिक आर्यन के लिए साल की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है। क्योंकि इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा डायरेक्टर कबीर खान और प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला जैसे दिग्गज लोग का नाम शामिल है। यह तिकड़ी पहले ही अपनी अपनी फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा चुकी है।